देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 79 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
विश्वविद्यालयों की रैंकिंग



देहरादून, रविवार, 21 जून 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 23.0°

33605.22

2 भारत संग टेंशन बढ़ा रहा कपटी चीन

7 सचिन की विनम्रता सबसे अलग

# गलवान पर चीन का दावा गलत

## चीन के दुष्प्रचार पर भारत का पलटवार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत ने गलवान घाटी में चीन की नापाक हरकतों के बारे में विस्तृत बयान जारी किया है। विदेश मंत्रालय ने गलवान घाटी पर चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के बारे में बढ़ाचढ़ाकर दावा कर रहा है जो भारत को कतई मंजूर नहीं है।

भारत का कहना है कि मई 2020 से चीन की सेना उस इलाके में भारतीय सेना की सामान्य और परंपरागत पेट्रोलिंग में बाधा डाल रही थी। मई के मध्य में चीनी पक्ष ने एलएसी के अतिक्रमण की कोशिश। तब उसे भारत की तरफ से मुहतोड़ जवाब मिला। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने एक बयान में कहा कि गलवान घाटी को लेकर ऐतिहासिक रूप से स्थिति हमेशा स्पष्ट रही है। अब चीनी पक्ष वहां एलएसी के बारे में बढ़ाचढ़ाकर अपना दावा कर रहा है जो हमें कतई मंजूर नहीं है। चीन के दावे पूर्व में उसकी खुद की पोजीशन के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक भारत और चीन के सीमावर्ती इलाकों में सभी सेक्टरों में एलएसी की स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं जिसमें गलवान घाटी भी शामिल है। उन्होंने कभी भी एलएसी पार करने की कोशिश नहीं की। भारतीय सैनिक लंबे समय से वहां पेट्रोलिंग कर रहे हैं और इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने का काम भारतीय इलाके में हो रहा है। पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत और चीन की सेनाओं के बीच पिछले कई दिनों से जारी तनातनी 15 जून की रात हिंसक झड़प में बदल गई थी। इसमें एक कर्नल समेत भारतीय सेना के 20 जवान वीरगति को प्राप्त हुए। चीन को भी इसमें भारी नुकसान हुआ और उसके 43 सैनिक हताहत हुए।



### हमारे बहादुर धरती पुत्रों द्वारा मुंहतोड़ सबक सिखाया

प्रधान मंत्री के शब्द कि जिन लोगों ने हमारी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कीउन्हें हमारे बहादुर धरती पुत्रों द्वारा मुंहतोड़ सबक सिखाया गया। हमारे सशस्त्र बलों के मूल्यों और चरित्र को अभिव्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी जोर देकर कहा कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं, कि हमारी सशस्त्र सेना हमारी सीमाओं की रक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय क्षेत्र क्या है यह भारत के नक्शे से स्पष्ट है। यह सरकार इसके प्रति दृढ़ता और सख्ती से संकल्पबद्ध है। हमें विश्वास है कि प्रेरित प्रचार से भारतीय लोगों की एकता में कोई कमी नहीं आएगी।

### कांग्रेस ने बयान को बताया चकित और हतप्रभ

कांग्रेस ने लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को 'चकित और हतप्रभ' करने वाला करार दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने यह सवाल भी किया कि अगर प्रधानमंत्री ने लद्दाख की सही स्थिति के बारे में बताया है तो फिर 20 जवानों का सर्वोच्च बलिदान क्यों हुआ और पिछले कुछ हफ्तों में चीन के साथ सैन्य स्तर पर किस विषय को लेकर बातचीत हो रही थी? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख में भारतीय सीमा में कोई बाहरी नहीं आया। यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री का बयान सेना प्रमुख, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के पहले के बयानों के विपरीत है। उनका बयान हमें चकित और हतप्रभ कर गया।

### संक्षिप्त समाचार

**ग्रहणः आग के छल्ले का दीदार करेगी दुनिया**

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) सूर्य देहरादून। 'रिंग ऑफ फायर' भारत में आज दिखाई देने वाले सूर्य ग्रहण को यह नाम भी दिया गया है। चांद के पृथ्वी और सूरज के बीच आने से ग्रहण होना कोई अनोखी बात नहीं है लेकिन इस बार की यह खगोलीय घटना बेहद खास है। दरअसल, इस बार चांद सूरज को पूरी तरह से ढकेगा नहीं बल्कि सूरज उसके पीछे से झांकता रहेगा। यह नजारा आग के चमकदार छल्ले जैसा नजर आने वाला है। भारत में आज सुबह 9 बजकर 56 मिनट से शुरू होकर ग्रहण 3 घंटे 26 मिनट तक दिखाई देगा। इस दौरान कुछ जगहों पर सूरज 99.4 प्रतिशत तक छिप जाएगा।

**पाकिस्तान से आए ड्रोन में मिला हथियारों का जखीरा**

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। अमेरिकन कार्बाइन, हैंड ग्रेनेड...पाकिस्तान से आए ड्रोन में मिला हथियारों का जखीराकठुआ के पानसर इलाके में पाकिस्तान से हथियार लेकर जा रहे जिस ड्रोन को बीएसएफ ने ध्वस्त किया है, उससे हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। इस ड्रोन से जवानों को एक अमेरिकन कार्बाइन भी मिली है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सीमा पार से आए ड्रोन से जो हथियार बरामद हुए हैं, वह किसी बड़ी आतंकी साजिश की ओर इशारा कर रहे हैं।

**सत्येंद्र जैन की प्लाज्मा थेरेपी, बुखार उतरा**

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। उनकी प्लाज्मा थेरेपी की गई। डॉक्टरों ने बताया कि अब उन्हें बुखार नहीं है। अगले 24 घंटे तक उनको आईसीयू में रखा जाएगा और उनके स्वास्थ्य पर नजर रखी जाएगी। शुक्रवार को उनके फेफड़ों में इन्फेक्शन बढ़ने के बाद उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। 17 जून को सत्येंद्र जैन का कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे।

## सीएम ने पर्यटन के लिए एक्शन प्लान बनाने के दिए निर्देश

संवाददाता

■श्री बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान पर प्रस्तुतीकरण दिया गया

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने राज्य में वर्ष पर्यंत पर्यटन के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिये हैं। विशेष तौर पर यात्रा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों में यात्रा अवधि के अलावा भी पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। बदरीनाथ धाम के प्रस्तावित मास्टर प्लान पर तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों के सुझाव भी प्राप्त कर लिए जाएं।

शनिवार को मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढाने के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चारधाम देवस्थानम बोर्ड के सलाहकार अश्विनी लोहानी और Federation of Associations in Indian Tourism and Hospitality के महासचिव सुभाष गोयल के साथ विचार विमर्श किया। लोहानी ने उत्तराखंड पर्यटन को ब्राण्ड के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने प्रदेश की समृद्ध वाइल्ड लाइफ में भी पर्यटन की काफी सम्भावना बताई। श्री गोयल ने कहा कि उत्तराखंड में हाईएंड टूरिज्म पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसमें टूरिज्म इंडस्ट्री और पर्यटन से जुड़ी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए।

सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने उत्तराखंड में पर्यटन के विविध आयामों व वर्तमान में चल रही पर्यटन परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## 5 दिन सरकारी क्वारंटाइन पर फैसला वापस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने राजधानी में कोरोना के मरीजों को 5 दिन इंस्टीट्यूशनल क्वॉरंटीन में रखने के फैसले को वापस ले लिया है। उप-राज्यपाल ने कहा कि इंस्टीट्यूशन आइसोलेशन के मामले में केवल उन्हीं कोविड-19 पॉजिटिव मरीजों को इंस्टीट्यूशन आइसोलेशन में जाना होगा जिन्हें क्लिनिकल एसेसमेंट के लिए अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं है और जिनके पास होम आइसोलेशन की पर्याप्त सुविधा नहीं है। इस बीच दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि होम आइसोलेशन को लेकर एलजी साहब की जो भी आशंकाएँ थीं वो बैठक में सुलझा ली गई और अब होम आइसोलेशन की व्यवस्था जारी रहेगी। हम इसके लिए एलजी साहब का आभार व्यक्त करते हैं। हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली वालों को कोई तकलीफ नहीं होने देंगे।

## वायुसेना हर परिस्थिति के लिए तैयार, चीन खबरदार

### गलवन घाटी के बलिदान को नहीं होने देंगे व्यर्थः आईएएफ चीफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हैदराबाद। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने कहा है कि हमारी सेना हर परिस्थिति के लिए तैयार है और गलवन घाटी पर शहीद हुए जवानों के बलिदान को व्यर्थ नहीं होने देंगे। संयुक्त स्नातक परेड के लिए हैदराबाद के भारतीय वायुसेना अकादमी पहुंचे एयर चीफ मार्शल भदौरिया की मौजूदगी में भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने आसमानी करतब दिखाए। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन सीमा पर शहीद हुए जवानों को याद किया।

एयर चीफ ने कहा, कर्नल संतोष बाबू और उनके बहादुर लोग जिन्होंने गलवान घाटी में एलएसी का बचाव करते हुए बलिदान दिया उनको श्रद्धांजलि देने में मेरे साथ शामिल हों। ये चुनौतीपूर्ण स्थितियों में वीरता से किसी भी कीमत पर भारत की संप्रभुता की रक्षा करने के हमारे संकल्प को प्रदर्शित करता है।

**जवाब देने के लिए अच्छी तरह से तैयार**

यह बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि हम किसी भी आकस्मिकता का जवाब देने के लिए अच्छी तरह से तैयार और उपयुक्त रूप से तैनात हैं। मैं उस राष्ट्र को विश्वास दिलाता हूं कि हम उद्धार करने के लिए दृढ़ हैं और गलवन के बहादुरों के बलिदान को कभी व्यर्थ नहीं जाने देंगे।



**एलएसी पर विकास एक छोटी सी तस्वीरः** हमारे क्षेत्र में सुरक्षा परिदृश्य यह बताता है कि हमारे सशस्त्र बल हर समय तैयार और सतर्क रहते हैं। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जो हुआ वह एक छोटी सी तस्वीर है। हम छोटे नोटिस पर इससे भी अधिक को संभालने को तैयार हैं।

**शांति से हल किया जाए** उसके बाद उन्होंने कहा कि सैन्य वार्ता के दौरान समझौतों के बाद अस्वीकार्य चीनी कार्रवाई और जान माल की हानि के बावजूद, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास चल रहे हैं कि एलएसी में मौजूदा स्थिति को शांति से हल किया जाए।

## कोरोना के इलाज के लिए आई दवाई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पहले दिन इसकी 1800 एमजी की दो खुराक लेनी होगी

नई दिल्ली। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने कोविड-19 से मामूली रूप से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए एंटीवायरल दवा फेविपिराविर को फैबिफ्लू ब्रांड नाम से पेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई की कंपनी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे भारतीय औषधि महानियंत्रक से इस दवा के निर्माण और मार्केटिंग की अनुमति मिल गई।

सल्दान्हा ने कहा कि क्लिनिकल परीक्षणों में फैबिफ्लू ने कोरोना वायरस के हल्के संक्रमण से पीड़ित मरीजों पर काफी अच्छे नतीजे दिखाए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह खाने वाली दवा है जो इलाज का एक सुविधाजनक विकल्प है।

उन्होंने कहा कि कंपनी सरकार और चिकित्सा समुदाय के साथ मिलकर काम करेगी ताकि देशभर में मरीजों को यह दवा आसानी से उपलब्ध हो सके। यह दवा चिकित्सक की सलाह पर 103 रुपये प्रति टैबलेट के दाम पर मिलेगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in